वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 21 गुरुवार 16 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राज्यपाल ने स्व.भैरोंसिंह शेखावत के स्मृति स्थल पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार सायं पूर्व उपराष्ट्रपति और राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे स्व.भैरोंसिंह शेखावत की पुण्य तिथि पर विद्याधर नगर स्थित उनके स्मृति स्थल जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राज्यपाल मिश्र ने स्व. शेखावत की स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्व. शेखावत से उनके निकट के संबंध रहे। वह जनप्रिय नेता ही नहीं थे बल्कि मानवीय सरोकारों से ओतप्रोत सबको सहज अपना बना लेने वाले उदात्त व्यक्तित्व के धनी थे। ''बाबोसा'' के रूप में वह सबके प्रिय थे। राज्यपाल ने स्व. शेखावत के उदात्त जीवन चरित्र और आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

## हाई कोर्ट ने लिया मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान

## एचसी जजो के बंगलों के सामने बहुमंजिला निर्माण पर रोक



**जयपुर. कासं**

गांधी नगर स्थित हाईकोर्ट न्यायाधीशों के बंगलों के सामने हो रहे बहुमंजिला निर्माण पर हाईकोर्ट ने यथास्थिति के आदेश दिए हैं। जस्टिस गणेशराम मीणा की अदालत ने मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए ऐसी बहुमंजिला इमारतों को मंजूरी देने पर सवाल उठाया। अदालत ने इस तरह के निर्माण से लोगों के पानी-बिजली व रोशनी पर आए संकट के साथ ही हाईकोर्ट न्यायाधीशों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जताई। अदालत ने मामले में प्रसंज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका के रूप में दर्ज करने का आदेश देते हुए इसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजा है। अदालत ने इन इमारतों से न्यायाधीशों की सुरक्षा व निजता को लेकर हाईकोर्ट प्रशासन से सुरक्षा के संबंध में रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। अदालत ने मास्टर प्लान को लेकर दिए गए आदेश की पालना में जोन तय किए बिना बहुमंजिला इमारतों के निर्माण को मंजूरी देने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि डार्क जोन की समस्या और हरियाली व पर्यावरण के पहलू को ध्यान में रखे बिना ऐसी इमारतों को मंजूरी कैसे दी जा रही है। कोर्ट ने एमसी मेहता के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए आदेशों का हवाला देते हुए माना की बिना जोन तय किए कंक्रीट के जंगल खड़े करने की मंजूरी देने से हरियाली व मोर जैसे पक्षियों को खतरा पैदा हो रहा है।

## गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना है पुण्य का कार्य

### आमजन के लिए गांधीनगर कार्यालय में मिलेगा शुद्ध एवं ठंडा पानी

**जयपुर. कासं।** गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। भीषण गर्मी में किसी को पानी मिल जाए तो वह अमृत के समान होता है। गर्मियों के समय में आने वाले आमजन के लिए वाटर कूलर से शुद्ध एवं शीतल जल की उपलब्धता रहेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने विभाग के गांधीनगर स्थित कार्यालय में अधिकारियों और कार्मिकों के आर्थिक सहयोग से स्थापित किए गए वाटर कूलर के शुभारंभ के दौरान यह बात कही। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में राजकीय कार्यालय, विद्यालयों, अस्पतालों बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर कूलर के माध्यम से आम जन के लिए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का आह्वान किया है। पंत ने इस बारे में सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव और शासन सचिव को पत्र लिखकर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देश प्रदान किए हैं। इसी क्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जयपुर में गांधीनगर स्थित कार्यालय में आमजन के लिए वाटर कूलर स्थापित करने की यह पहल की गई है। शासन सचिव ने बताया कि वाटर कूलर कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास स्थापित किया हैं। इस वाटर कूलर से आने -जाने वाले आमजन को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल प्रतिदिन 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।



# सतवाडा.राजमहल में आयोजित होने वाले वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन



## विधायक कालीचरण सर्राफ ने किया विमोचन

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

**जयपुर।** सतवाडा.राजमहल में 18 - 19 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय नव निर्मित जिनालय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन मंगलवार को पूर्व चिकित्सा मंत्री एवं मालवीय नगर जयपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक कालीचरण सर्राफ ने उनके आवास पर किया। विमोचन कार्यक्रम में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के महामंत्री राजेंद्र पाटनी, प्रेमचंद गंगवाल, मनोज पाटनी, उम्मेदमल पांडया, डॉ ओमप्रकाश जैन, सौरभ पाटनी, विवेक सर्राफ सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि आगामी दिनों में 18 एवं 19 मई को प्रतिष्ठाचार्य पण्डित जिनेश शास्त्री जयपुर के निर्देशन में नवीन जिनालय वेदी प्रतिष्ठा एवं जिनबिम्ब स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें रतनदेवी पाटनी राजेन्द्र पाटनी कीर्ति नगर दिगम्बर जैन प्रतिमाओं को नवीन वेदी में विराजमान करेंगे। इस दौरान लाड़देवी जैन महावीर प्रसाद इन्द्रा पाटनी ज्ञानचंद बीना पाटनी बन्थली वाले महोत्सव का ध्वजारोहण करेंगे। जौंला ने बताया कि महोत्सव के मुख्य अतिथि जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन चैयरमेन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग भारत सरकार नई दिल्ली होंगे। महोत्सव में सोधर्म इन्द्र विनयलता देवी पीयूष जैन कासलीवाल होंगे।

# नि:शुल्क रक्षा न्यूरोथेरेपी शिविर में 66 लाभान्वित




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

जीव और जीने दो अहिंसा परमोधर्म के उद्देश्य वाले जैन समाज के द्वारा विश्व परिवार दिवस पर आज श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर डीडवाना रोड परिसर मे निशुल्क रक्षा न्यूरोथेरेपी ग्रुप ने शिविर आयोजित किया |सर्व प्रथम सतं शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अध्यक्ष लालचंद पहाड़िया, चिरजीलाल हीरामणी पाटोदी, संतोष कुमार पहाड़िया, तेज कुमार बडजात्या, अशोक अजमेरा, रेखा पहाडिया ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। डाक्टर प्रतीक सिह कुलदीप सिह शेखावत का माला तिलक द्वारा स्वागत किया गया। शिविर में 66 लोग लाभान्वित हुए जिसमे ब्लडप्रेशर, कमर दर्द,जोडो का गरदन का दर्द , दमा, साइटिका, मोटापा, गेस व विभिन्न रोगों का ईलाज किया गया। सभी ने शिविर की सार्थकता वाला बताकर सराहना की।

# पिम्स की ओर से फ्री परामर्श केम्प

## 150 से अधिक बच्चों को मिला परामर्श



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** पिम्स उमरड़ा की ओर से द ओमकार स्कूल अम्बामाता में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 150 से अधिक विद्यार्थियों व उनके परिजनों को नि:शुल्क परामर्श दिया और कुछ बच्चों को आवश्यक दवाइयां भी दी गयी। बता दें, पिम्स द्वारा शहर और आसपास के क्षेत्रों में समय-समय पर नि:शुल्क परामर्श शिविरों का आयोजन किया जाता है। संघ चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने बताया कि पिम्स की ओर से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के आयोजन किये जाते हैं। इसी प्राथमिकता के तहत बुधवार को द ओमकार स्कूल अम्बामाता में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं दवाई वितरण केम्प रखा गया। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ तथा जनरल मेडिसिन व अन्य चिकित्सकों ने नि:शुल्क परामर्श दिया। इसके अलावा रक्त की जांच भी की गई । बच्चों को आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गयी। इस दौरान चिकित्सकों ने गर्मी से बचने के लिए उचित टिप्स भी दी। -**रिपोर्ट/ फोटो दीपक सिंघल**

# जगतपुरा स्थित आईटी कंपनी में रक्तदान शिविर में 66 यूनिट रक्त एकत्र




**जयपुर।** जगतपुरा स्थित आईटी कंपनी Dotsquares Technologies ने स्वास्थ कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया. शिविर में Dotsquares Technologies के कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और 66 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया. एडमिन डिपार्टमेंट से दीपक चावला ने सभी कर्मचारियों, एच. आर. हेड सोनिका तलवार और टीम लीडर कुलदीप शर्मा को धन्यवाद देते हुए बताया की कंपनी के डायरेक्टर ओमकार सिंह राठौर ने भी ब्लड डोनेट किया.

# दीपक मेहता फेडरेशन एन आर आई प्रोविंस अध्यक्ष एवं सुप्रिया दोशी महिला अनिवासी प्रकोष्ठ अध्यक्षा मनोनीत

**बांसवाड़ा. शाबाश इंडिया**



फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज द्वारा विदेशो मे बसे हूमड़ जैन भाई बहनों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के प्रयोजन से फेडरेशन के एन आर आई प्रोविंस अध्यक्ष दीपक मेहता को तथा महिला अनिवासी प्रकोष्ठ अध्यक्षा सुप्रिया दोशी को मनोनीत किया गया है। फेडरेशन के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजीत कोठिया ने बताया की फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गांधी इस विशेष प्रयोजन के लिए 5 मई से 5 जुलाई तक अमेरिका यात्रा पर हैं और विदेशो मे बसे हूमड़ जैन भाई बहनों से संपर्क कर उन्हे फेडरेशन की गतिविधियों का परिचय दे रहे हैं। इसी क्रम मे विपिन गांधी ने सुनील बंडी को तथा श्वेता बंडी को क्रमशः एन आर आई प्रोविंस तथा अनिवासी महिला प्रकोष्ठ के महामंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। कोठिया ने विदेशों में बसे हूमड़ जैनों को अपनी सभ्यता, संस्कृति, धर्म, समाज और संस्कारो से जोड़ने के विपिन गांधी और उनकी कार्यकारिणी के प्रयासों की सराहना की है। ये चारों ही पदाधिकारी एक माह मे अपने अपने प्रोविंस एवं प्रकोष्ठ में अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन कर सूचित करेंगे।

# नर्सिंगकर्मी रोगी के स्वस्थ होने तक नित नया श्रेष्ठ सेवा प्रदर्शन करें: सीईओ एस के जैन



## मित्तल हॉस्पिटल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

**अजमेर. शाबाश इंडिया**

मित्तल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर अजमेर में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष में समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर हॉस्पिटल के नर्सिंग कर्मचारियों ने मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस के जैन ने नर्सिंग कर्मियों को रोगी के स्वस्थ होने तक; नित नए जज्बे के साथ श्रेष्ठ सेवा प्रदर्शन करने की सीख दी। उन्होंने समाज में उनके महत्त्व को दशार्ते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की। समारोह में वाइस प्रेसीडेंट श्याम सोमानी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनोद विजयवर्गीय, डिप्टी जनरल मैनेजर विजय रांका, वाइस प्रेसीडेंट ऑपरेशन डॉ विद्या दायमा, मित्तल नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा, उपाचार्य हिमांशु दाधीच उपस्थित हुए। मित्तल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने सीनियर नर्सिंग कर्मचारियों से नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण अवधि में ही इस तरह से तैयार करने की उम्मीद की कि वे भविष्य के अच्छे नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। नर्सिंग अधीक्षक राजेन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम के आखिर में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक नर्सिंग कर्मचारी को अपनी सेवाओं के जरिए रोगी में ऐसा विश्वास कायम करना चाहिए जिससे रोगी को मनोवैज्ञानिक रूप से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ अर्जित करने में मदद मिल सके। कार्यक्रम का संचालन क्वालिटी ऑफिसर कविता लालवानी, इन्फेक्शन कंट्रोल नर्स मार्गेट बी लाल ने किया। इससे पहले मदर ऑफ नर्सिंग फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र के आगे दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग कर्मचारी लक्ष्मी अधिकारी और शिल्पी वर्मा ने नृत्य प्रस्तुत किया। रामनिवास भट्ट, शिल्पी और स्नेहलता वैष्णव ने गायन प्रस्तुत किया। आयुषि बागवाल ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर वक्तव्य दिया। ओटी स्टाफ ने हैंड हाइजीन पर मनोरंजक अभिनय प्रस्तुत किया। इस मौके पर वन मिनट गेम और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं पुरस्कार बांटे गए।

# 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में शुरू हुए ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर

## 5 वर्ष से 80 वर्ष तक के लगभग 4000 शिविरार्थी होगें लाभान्वित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर, संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से शहर के 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरों का धूमधाम से शुभारम्भ हुआ। इन शिविरों में जैन धर्म की प्रारंभिक शिक्षा के साथ साथ धर्म की गूढ़ जानकारी भी दी जाएगी। संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की अधिष्ठात्री शीला डोड्या ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन जयपुर के 46 मंदिरों में 30 मई तक चलेगा। निर्देशिका डॉ वन्दना जैन ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य विद्या सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से संचालित श्रमण संस्कृति संस्थान के अन्तर्गत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति द्वारा श्री दि जैन महिला महासमिति के सहयोग से आचार्य विद्या सागर महाराज की उत्कृष्ट त्याग तपस्या को समर्पित उपकार महोत्सव के रूप में इन ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपाध्यक्ष नीना पहाड़िया ने बताया कि श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के विद्वान एवं संत सुधा सागर महिला महाविद्यालय की विदुषी बहनों द्वारा पूजन प्रशिक्षण ,जैन धर्म शिक्षा भाग1-2, छः ढाला, तत्वार्थ सूत्र,भक्तामर स्तोत्र ह्यद्रव्य संग्रह, इष्टोपदेश, रत्नकरण्डक श्रावकाचार, आदि का पाठन पठन मनन व व्याख्या ,एवं अनेक धार्मिक गति विधियों द्वारा जैन धर्म का शिक्षणदिया जाएगा इन शिविरों में 5 वर्ष से 80 वर्ष तक के लगभग 4000 बालक बालिकाएं, महिला पुरुष लाभान्वित होंगे। श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोडिया ने बताया इन शिविरों के लिए डॉ वन्दना जैन एवं नीना पहाड़िया ने विदुषियों के तिलक लगाकर एवं दुप्पटा पहनाकर शिविर स्थलों के लिए विदा किया। श्रीमती डोड्या के मुताबिक अधिकतर बालिकाएं स्थानीय परिवारों में रह कर प्रशिक्षण देंगी। कुछ बालिकाएं प्रतिदिन आना जाना करेंगी। नीना पहाड़िया के मुताबिक इन शिविरों में पढ़ाए गए विषयों की स्थानीय परीक्षा होगी। उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## वेद ज्ञान

### समाधान प्रश्नों का...

मानव जीवन प्रश्नों से जुड़ा है। जीवन की प्रत्येक घटना जो मन को स्पंदित करती है, अनायास ही नए प्रश्नों को जन्म देती है। इसी तरह परिस्थितियां व परिवेश स्वाभाविक ही अंतसचेतना में प्रश्नों को जन्म देती हैं। प्रश्नों का क्रम न तो रुकता है और न थमता है बस नित्य-निरंतर-अविराम चलता रहता है। वस्तुतः प्रश्न कई प्रकार के होते हैं। जिज्ञासावश मन में उठने वाला भाव प्रश्न है। प्रश्न के बाद पुनः पूछने का क्रम प्रतिप्रश्न है तो कुछ लोग किसी विषय पर इतने प्रश्न पूछते हैं कि मूल विषय से ध्यान ही भटक जाए ऐसा करना-अतिप्रश्न है और अनावश्यक भी। किसी दुर्भावनावश अप्रासंगिक प्रश्न पूछना कुप्रश्न कहलाता है। प्रश्नकर्ता का भाव विकसित करने के लिए सर्वप्रथम 'ईगो' को त्याग कर विनम्रता, शिष्यता और जिज्ञासु भाव को विकसित करना आवश्यक है। ऐसा इसलिए, क्योंकि प्रत्येक प्रश्न मन के मौन को तोड़ता है। मन में अशांति, बेचैनी व तनाव को जन्म देता है। ये प्रश्न जितने अधिक, जितने गहरे व जितने व्यापक होते हैं, मन की अशांति, बेचैनी व तनाव भी उतना ही ज्यादा गहरा और व्यापक होता जाता है। इसी अशांति, बेचैनी और तनाव में अपनी ही कोख में उपजे प्रश्न या प्रश्नों के उत्तर खोजने की व्यक्ति कोशिश करता है। उसे अपने इस प्रयास में सफलता मिलती है। उत्तर मिलते भी हैं, पर नए प्रश्नों के साथ कोई न कोई प्रश्न चिपक ही जाता है। साथ ही बढ़ जाती है बेचैनी और अशांति, क्योंकि कोई भी घटना, फिर वह चाहे प्रश्न की हो या उत्तर की, मन में लहरें व हिलोरें पैदा करेंगी। मन को तनाव, बेचैनी व अशांति से ही भरेंगी। इस समस्या का समाधान तभी है जब मन की लहरें मिटें, हिलोरें हटें। फिर न कोई प्रश्न उभरेंगे और न किसी उत्तर की खोज होगी। इसके लिए मन को मौन होना होगा। केवल तभी चेतना प्रश्नों के पार जा सकेगी। तभी यह समझ में आएगा कि पूछने को कुछ नहीं है। उत्तर पाने को कुछ नहीं है। इसी को समाधि कहते हैं जहां सभी प्रश्न स्वाभाविक ही गिर जाते हैं। जहां बेचैनी, अशांति, तनाव अपने आप ही मिट जाता है।

## संपादकीय

# लापरवाही दर लापरवाही पर लगाम नहीं



मुंबई में सोमवार को आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान कई लोगों की मौत को किसी हादसे की तरह ही देखा जाएगा। मगर सच यह है कि इसके पीछे संबंधित महकमों की बहुस्तरीय लापरवाही मुख्य वजह है। विडंबना यह है कि ऐसे हादसों की वजहें जगजाहिर होती हैं, मगर उसकी ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं और मामला जब तूल पकड़ लेता है तब अफसरों की नींद खुलती है। वरना क्या वजह है कि जहां बारिश-तूफान से बचने के लिए या किसी अन्य मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो सकते हैं, वहां ऐसे विशाल होर्डिंग लगाने की छूट दी जाए, जो तेज आंधी में गिर जा सकता था। गौरतलब है कि मुंबई में धूलभरी आंधी के दौरान घाटकोपर में एक पेट्रोल पंप के पास खड़ा सौ फुट से ज्यादा लंबा बिलबोर्ड गिर गया। वहीं खड़े सौ से ज्यादा लोग उसकी चपेट में आ गए, जिनमें चौदह लोगों की मौत हो गई और चौहत्तर घायल हो गए। प्रथम द्रष्टया इस हादसे की वजह तेज आंधी को कहा जा सकता है। मगर केवल बिगड़े मौसम पर इसकी जिम्मेदारी नहीं थोपी जा सकती। हैरानी की बात यह है कि मुंबई में एक मुख्य जगह पर लगे इस होर्डिंग को बाद में अवैध बताया गया, जिसे लगाने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी। विचित्र है कि मुंबई जैसे महानगर में, जहां किसी इलाके में फुटपाथों तक पर लगने वाली



दुकानों के वैध-अवैध होने के बारे में प्रशासन को पूरी जानकारी रहती हो, वहां सौ फुट से ज्यादा ऊंचा होर्डिंग खड़ा था और उसके अवैध होने के बारे में जानकारी हादसे के बाद सामने आई। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के दौरे के बाद शहर में सभी होर्डिंगों के संरचनात्मक आडिट का आदेश दिया गया है, बृहन्मुंबई महानगर पालिका राजकीय रेलवे पुलिस की जमीन पर लगे बाकी सभी होर्डिंग को हटाएगी और पुलिस ने होर्डिंग के मालिक पर गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। शहरों-महानगरों में हर तरफ अवैध होर्डिंग खतरनाक तरीके से खड़े दिख जाते हैं। मगर समूचे प्रशासन के स्तर पर सक्रियता आखिर किसी हादसे और उसमें लोगों के मारे जाने के बाद ही क्यों दिखाई देती है? अगर संबंधित महकमों ने समय रहते अपनी ड्यूटी और जिम्मेदारी के प्रति ईमानदारी बरती होती तो शायद इस हादसे को रोका जा सकता था।

## परिदृश्य

# भूराजनीतिक लाभ

अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के नेतृत्व में अपनी परिकल्पना के दो दशक से ज्यादा समय बाद और नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा चाबहार में अंतरराष्ट्रीय परिवहन और ट्रांजिट कॉरिडोर की स्थापना संबंधी समझौते के आठ वर्ष बाद आखिरकार भारत और ईरान ने सोमवार को 10 वर्षीय परिचालन अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए। भारत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स ऐंड मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन (पीएमओ) के बीच हुए समझौते में भारतीय कंपनी ने बंदरगाह को उपकरण संपन्न बनाने और संचालन के लिए करीब 12 करोड़ डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। अधोसंरचना को पूरा करने के लिए 25 करोड़ डॉलर की रुपी क्रेडिट की बात भी कही गई है। समझौते का तात्कालिक महत्त्व तो यही है कि यह उपकरणों की खरीद को लेकर छह साल से चला आ रहा गतिरोध समाप्त करता है। आपूर्तिकर्ता आईपीजीएल को ऋण देने के अनिच्छुक रहे क्योंकि वे ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों से आशंकित थे। नए समझौते के तहत पीएमओ आईपीजीएल की ओर से उपकरण खरीदेगा और धनराशि संयुक्त अरब अमीरात में स्थित एक ईरानी कंपनी को रिफंड की जाएगी। इससे पहले अप्रैल में भारत और म्यांमार के बीच एक समझौता हुआ था जिसमें म्यांमार और भारत के पूर्वोत्तर इलाके के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए सितवे बंदरगाह का पूरा संचालन आईपीजीएल के संभालने की बात शामिल थी। चाबहार परियोजना चीन की विशाल बेल्ट और रोड पहल का भारतीय जवाब चाबहार परियोजना को चीन की विशाल बेल्ट और रोड पहल का भारतीय जवाब माना जा रहा है। अगर मान भी लें कि यह बढ़ाचढ़ाकर कही गई बात है तब भी यह भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि नौवहन, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल आम चुनाव के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर करने तेहरान पहुंचे। चाहबार का पूरा नाम शाहिद बहेश्ती बंदरगाह को ग्वादर के प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जा रहा है। ग्वादर वह बंदरगाह है जिसे चीन पाकिस्तान में विकसित कर रहा है। चाबहार भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया से संपर्क मुहैया कराएगा। इसके इंटरनैशनल नॉर्थ साउथ परिवहन गलियारे से जुड़ाव की संभावना इसकी संभावनाओं का विस्तार करती है। यह भारत, रूस और ईरान की संयुक्त परियोजना है जो हिंद महासागर और पर्शिया की खाड़ी को एक जमीन स्थित मल्टी मॉडल कॉरिडोर के जरिये सेंट पीटर्सबर्ग तथा उत्तरी यूरोप से जोड़ेगी। चाबहार को मोदी सरकार के लिए इतना अहम माना जा रहा था कि अफगानिस्तान तक पहुंच को वजह बताते हुए डॉनल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन से बाकायदा रियायत चाही गई थी। परंतु अमेरिका के अफगानिस्तान से निकलने के बाद बाइडन प्रशासन ने चेतावनी जारी की कि ईरान के साथ समझौता करने वालों को प्रतिबंध झेलने होंगे। भारत सरकार के आगे बढ़ने की राह में यह कूटनीतिक चुनौती होगी। म्यांमार में छिड़ा गृहयुद्ध सितवे की प्रगति को रोक रहा है, उसी तरह इस क्षेत्र में मची राजनीतिक उथलपुथल भी बताती है कि बंदरगाह का संचालन मुश्किल होगा। यह सिस्ता-बलूचिस्तान क्षेत्र में स्थित है जहां पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा मिलती है। वह अशांतिपूर्ण क्षेत्र है।

# बच्चों को संस्कारित ओर चरित्रवान बनाने के लक्ष्य से जैन संस्कार पाठशाला का नियमित संचालन

## श्री पार्श्वनाथ नवयुवक मंडल सेवा समिति द्वारा महावीर भवन बापूनगर में हो रहा संचालन



सुनील पाटनी.शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा। बच्चों को संस्कारित, चरित्रवान ओर धर्मपरायण बनाने के लक्ष्य से बापूनगर के महावीर भवन में श्री पार्श्वनाथ नवयुवक मंडल सेवा समिति द्वारा जैन संस्कार पाठशाला का नियमित संचालन किया जा रहा है। श्री पार्श्वनाथ नवयुवक मंडल सेवा समिति सेवा कार्यों में तो सदैव अग्रणी रहती है साथ ही धार्मिक कार्यों को बढ़ावा देने में भी कही पीछे नहीं है ।बच्चों में धर्म के संस्कार को बढ़ावा देने के लिए समिति ने पिछले 6 माह से जैन पाठशाला का नियमित संचालन महावीर भवन बापूनगर प्रारम्भ किया है ।मात्र 3 बच्चों से प्रारम्भ हुई पाठशाला में आज लगभग 20 बच्चे नियमित रूप से ज्ञानार्जन के लिए आ रहे है ।श्रीमती पूनम संचेती पाठशाला सहायिका के रूप में अपनी नियमित सेवाएं दे रही है और बच्चों का ज्ञान वर्धन कर रही है ।समिति की इस पहल को समाज के सभी प्रबुद्धजनों ने खूब सराहा है, और तन मन धन से इस पुण्य कार्य में सहयोग कर रहे है। अध्यक्ष राजू सेठिया ने सभी समाजजनो से अपील की है कि इस ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आप सभी अपने बच्चों को जैन पाठशाला में जरूर भेजें ।बच्चों को नियमित रूप से पारितोषिक भागचंद, विजय, रेयांश संचेती परिवार द्वारा दिए जा रहे है ।मासिक प्रतियोगिता के पुरस्कार समिति द्वारा सभी के सहयोग प्रतिमाह होने वाले सामूहिक नवकार एवं भक्ताम्बर पाठ में दिए जाते है। मंत्री कुलदीप गुगलिया ने बताया कि जैन पाठशाला के सफल संचालन में मुख्य सहयोगी कमलेश मुणोत, दलपत सेठ, अमित चौधरी, चंचलमल कर्नावट, दिनेश चपलोत, मनोज बाफना, प्रकाश नाहर, सुरेंद्र पालडेचा, चन्द्रसिंह भण्डारी, चन्द्रसिंह ढाबरिया, अनिल विश्लोत, दिलीप चौधरी, सुशील रुगलेचा, विमलचंद पुनमिया, लादूलाल बोहरा, मनोज भडकत्या, सुरेंद्र चोरड़िया, श्रीमती सुशीला संचेती, भागचंद विजय संचेती, राजेंद्र पालड़ेचा आदि परिवार रहे है जिन्होंने समिति को समय समय पर सहयोग कर समिति सदस्यों का उत्साहवर्धन किया है ।

# श्री भारतवर्ष दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षणी महासभा द्वारा टी के भेद एवं देवेंद्र सेठी को मनोनीत किया



राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया



इंदौर। भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षणी महासभा लखनऊ/दिल्ली द्वारा इंदौर मध्य प्रदेश के टी के वेद को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं देवेंद्र सेठी मंत्री अतिशय क्षेत्र छावनी इंदौर को तीर्थ संरक्षणी महासभा का मध्य प्रदेश इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, सुशील पांड्या मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, हंसमुख गांधी, आजाद जैन, अशोक खासगीवाला, विश्व जैन संगठन के राजेश जैन दद्दू, मंयक, जैन परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन, सारिका जैन, पुष्पा कासलीवाल आदि समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए बंधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। हाल ही में संपन्न झूम मीटिंग में मध्य प्रदेश इकाई के द्वारा किए गए कार्यों की सारहना की गई एवं नए मनोनयन के साथ ही यह दायित्व भी सोपा गया की मध्य प्रदेश में पुरातत्व से संबंधित कोई भी प्रतिमा अवशेष अब खुले में नहीं रहेगे उन्हें व्यवस्थित किया जाएगा ।

# लड़कियों को मिले पूरा हक, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में हो बराबर हिस्सेदारी: ईशा अंबानी

## गर्ल्स इन इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (जीआईसीटी) इंडिया-2024 का आयोजन दूरसंचार विभाग और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने मिलकर किया

नई दिल्ली



चौथी औद्योगिक क्रांति के इस डिजिटल युग में भारत को अगर वर्ल्ड लीडर के तौर पर उभरना है तो लड़कियों को आगे लाना होगा। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और सूचना व संचार टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी बढ़ानी होगी। दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित ह्यगर्ल्स इन आईसीटी इंडिया-2024 में लड़कियों से बात करते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने उन्हें प्रौद्योगिकी को एक करियर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। ईशा अंबानी ने कहा, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में महिलाओं और पुरूषों का अनुपात बराबर होना चाहिए। इसके लिए हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। गर्ल्स इन इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (जीआईसीटी) इंडिया-2024 का आयोजन दूरसंचार विभाग, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (दक्षिण एशिया), इनोवेशन सेंटर - दिल्ली और संयुक्त राष्ट्र की अन्य एजेंसियों ने मिलकर किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए ईशा अंबानी ने बताया कि सरकार आवश्यक सुधार कर रही है, और इसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने अपनी मां नीता अंबानी का जिक्र करते हुए कहा कि वे बार-बार कहती हैं कि एक आदमी को सशक्त बनाओ तो वह एक परिवार का पेट भरेगा। जबकि एक महिला को सशक्त बनाया जाए तो वह पूरे गांव को खाना खिलाएगी। मुझे मेरी मां की बात पर पूरा विश्वास है कि महिलाएं जन्मजात लीडर होती हैं।


तीये की बैठक



हमारी प्रिय

**सुश्री शैलबाला शाह (गुड़िया जी)**

पुत्री स्व श्री बाबूलाल जी पुष्प

का देहावसान दिनांक 14/05/2024 को हो गया है।
जिनकी तीये की बैठक दिनांक 17/05/2024 प्रातः 10 बजे
भट्टारक जी की नसिया नारायण सिंह सर्किल पर रखी गई है।
तत्पश्चात सेव का दस्तूर होगा।

शोकाकुल

वैद्य सुशील कुमार, राजेंद्र के शेखर, शैलबाला (चाचा, चाची),
जयंतीबाला, वीरबाला (भुआ) माला देवी, शरद, शैलेंद्र (चीकू),
दीपेश, धूपेश (भाई- भाभी), राहुल-पूजा, यश, निपुण, पूर्वेश,
चिन्मय, (भतीजे-बहु) कानन बाला छाबड़ा, इंदुबाला,
रजनी - हेम पांडया (बहन- बहनोई), रौनक - कौशल (भतीजी-जवाई),
मनीष, आशीष, रघु (भांजे), याशी , मिशी एवं समस्त शाह परिवार

# श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल त्रिशला संभाग के सानिध्य में धार्मिक शिक्षण शिविर शुरु

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल त्रिशला संभाग के सानिध्य में आज बुधवार दिनांक 15 मई को श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर दुगार्पुरा में ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। त्रिशला संभाग की अध्यक्ष श्रीमती चंदा सेठी एवं सचिव रेनू पांड्या ने बताया की शिविर में श्रमण संस्कृति संस्था सांगानेर के विद्वान विनय शास्त्री एवं बालिका श्रमण संस्कृति संस्था की विदुषियां तत्वार्थ सूत्र, छह ढाला, द्वितीय भाग, प्रथम भाग की कक्षाएं लेगी। शिविर उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉक्टर श्रीमती वंदना जैन भी उपस्थित रही । आपने बहुत ही सुंदर तरीके से शिविर का उद्देश्य समझाया और बताया की श्री दिगंबर जैन महासमिति के सानिध्य में जयपुर में करीबन 40 शिविर का आयोजन हो रहा है। शिविर के दीप प्रजवलन कर्ता राजेश आलोक निलेश पाटनी परिवार श्रीजी नगर निवासी थे। अजीत शशि तोतुका ने कलश स्थापना की। शिविर की संयोजिकाएं श्रीमती रितु चाँदवाड, रेखा पाटनी, विमला पांड्या एवम संगीता काला है। स्थानीय शिक्षक रिंकू सेठी एवं अमिता अजमेरा है। श्री चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश चाँदवाड, सचिव राजेंद्र काला, कोषाध्यक्ष विमल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

## श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरा पथ मानसरोवर में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर प्रारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर महिला प्रथम संभाग की अध्यक्ष तारा मणि गोधा ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृत संस्थान सांगानेर के अन्तर्गत संचालित संत श्री सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरा पथ मानसरोवर में गणमान्य सदस्यों व महिलाओं बच्चों के सानिध्य में मां जिनवाणी की वंदना करते हुए भव्य जुलूस के साथ शुभारम्भ किया गया । कलश स्थापना चित्रानावरण व दीपप्रज्जवलन श्रेष्ठी मुकेश व पिंकी कासलीवाल, ब्रह्मचारी भैया दीपक राज सुषमाजी, मनोज जी निधि गोधा परिवार द्वारा किया गया मंच संचालन पिंकी कासलीवाल व संयोजिका कांता पाटनी व प्रीति छाबडा ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करवाया।

## यूथ को डिजिटल मोटिवेशनल सेशन का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

माहेश्वरी पी.जी कॉलेज में मानव जैन (डिजिटल स्ट्रैटिजिस्ट, एंटरप्रेन्योर एवं फाउंडर वर्किंग ऑफ वर्ड्स) द्वारा यूथ को डिजिटल मोटिवेशनल सेशन, इंस्टाग्राम एवं सोशल मीडिया को कैसे असरदार तरीके से आज के युग में उपयोग किया जा सकता हैं इस पर टॉक शो आयोजित किया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रानु शर्मा, प्रोफेसर अनुपमा शेखावत एवं बिल्डिंग सेक्रेटरी डी.के मोदानी मौजूद रहें। टॉक शो में करीबन 250+ माहेश्वरी पी.जी कॉलेज के छात्र छात्राओ ने भाग लिया।



# श्रमण संस्कार ग्रीष्म कालीन शिविर का गुरु के सानिध्य में भव्य शुभारंभ




## संस्कारो की एबीसीडी में ए फॉर आदिनाथ : आचार्य शशांक सागर जी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योति नगर में केसरिया दुपट्टे , सिर पर टोपी , गुरु का सानिध्य , रंगीन गुब्बारों से सजा हाल , सीखने व सिखाने की पिपासा के माहोल के साथ श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अंतर्गत संचालित संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित पंद्रह दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ बुधवार को संयम भवन में हुआ। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि संस्थान से पधारी विदुषियों - नेन्सी, प्रिंसी, आराध्या व सौम्या के नमोकार व बंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन महेश नीना काला ने किया तथा मंगलाचरण निकिता, प्रियंका, रूबल, कणिका व प्रिया द्वारा किया गया । विदुषियों का परिचय बालिका महाविद्यालय की ट्रस्टी दीपिका जैन बिलाला ने दिया तथा संस्थान के ही प्रदीप जैन शास्त्री ने शिविर की आवश्यकता के बारे में बताया । वरिष्ठ विद्यार्थी जे के जैन व सभी का सम्मान संयोजक सुरेश शाह राजेंद्र ठोलिया, अनीता बिंदायक्या व मिश्री लाल काला आदि द्वारा किया गया। आचार्य श्री शशांक सागर जी ने आचार्य श्री विद्या सागर जी को याद करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद व मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी की प्रेरणा से स्थापित बालिका महाविद्यालय ने विदुषियाँ तैयार कर प्रेरक आयाम स्थापित किए है आज संस्कारो की नयी ए बी सी डी सिखाने की आवश्यकता है । इधर विदुषी नैन्सी ने सभी को विश्वास दिलाया कि वे विद्यार्थियों की अपेक्षा पर खरी उतरेंगी । आज से शिविर में बाल संस्कार , सिद्धांत प्रवेशिका, इष्टोपदेश, द्रव्य संग्रह व छहढाला की कक्षायें शुरू की गई है जिनमें आठ से अस्सी साल के सो से भी अधिक विद्याथीयो ने स्वाध्याय शुरू किया है ।

# श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर प्रारंभ, श्री दिगंबर जैन महिला महासभा की पहल



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वरुण पथ मानसरोवर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 15 से 30 मई 2024 तक श्री दिगंबर जैन महिला महासभा राजस्थान अंचल के महिला संभाग मानसरोवर द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसका उद्घाटन निर्मल, भंवरी काला, सुनील-अनीता गंगवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया, इससे पूर्व भगवान महावीर के चित्र अनावरण मानक चंद, कांता देवी, मुकेश-अनीता बड़जात्या व कार्यक्रम के पुण्यार्जक चंदा देवी, महेंद्र कासलीवाल बांदीकुई व सतीश मंजू कासलीवाल ने किया। मंत्री अनिता लुहाड़िया व कोषाध्यक्ष बबीता पाटनी ने बताया कि सांगानेर श्रमण संस्कृति संस्था की विदुषी शिक्षिका रिया जैन, पायल जैन के साथ अर्पणा ठोलिया व मीनू गोधा का तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया। परामर्शक हीरामणि छाबड़ा ने बताया इस कार्यक्रम के संयोजिका अंजू जैन, कृष्णा जैन, रजनी गोधा, निधि लुहाड़िया, अनूप पांड्या है। कार्याध्यक्ष अंजू जैन ने बताया इस कार्यक्रम में मंदिर अध्यक्ष एमपी जैन, ज्ञान बिलाला, जे के जैन, राजेंद्र सोनी, प्रमोद गंगवाल, सुनील गंगवाल, सतीश कासलीवाल महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला टोंग्या, संध्या जैन, उषा छाबड़ा, अंजलि बोहरा, आशा गोधा व समाज के गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन रजनी लुहाड़िया ने किया।

# सोराइसिस : लाइलाज का इलाज

डां.एम.एल जैन "मणि"
अन्तरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ होम्योपैथ,जयपुर, राजस्थान



सोराइसिस एक बहुत कामन,क्रोनिक एवं छूत की बीमारी नहीं है,यह चर्म रोग है इस रोग को की बार पहचानने में भी चिकित्सकों तक से भूल हो जाती है ।यह हटीले प्रकृति का रोग है इस चर्म रोग में चमडी पर कुछ उभरे हुये ललाई वाले मेक्यूल्स हो जाते हैं जो चांदी की तरह चमकीले व कभी कभी पूरे शरीर में हो जाते हैं ।यह बीमारी संसार में सभी जगह पायी जाती है ।यह एक क्रोनिक बीमारी है इस बीमारी का प्रभाव सर्दी में ज्यादा होता है,गर्मी में कम,किन्तु पसीने से यह बढती है। बरसात भी बीमारी को बढा देती है ।यह दाद से मिलती झुलती है। इस बीमारी के वास्तविक कारणों का पता नहीं है,पर फिर भी इसके संभावित कारण ये हो सकते हैंः (1) मानसिक तनाव या दबाव ,(2) चिन्ता फिकर, (3) दिमागी चोट ,(4) लम्बा बुखार,(5) शारीरिक चोट,(6) पाचनतंत्र बिगडना आदि। डायबिटीज व असंमित खानपान इस बीमारी को बहुत जल्दी पकड लेता है। इस बीमारी के ठीक नहीं होने पर अनेक रोग खडे होकर जाते हैं जैसे हृदय,लीवर,गुर्दे आदि के रोग, ओस्टियोपोरोसिस, गठिया आदि। इस बीमारी में सूखी चमडी पर पपडी दानेदार हो जाती है व ललाई पर चांदीसी दिखाई देती है,खुजली अत्यधिक होती है,रोगी खुजाते खुजाते खून तक निकाल लेता है। जननांगो में भी यह कईबार फैल जाती है। ऐसे में रोगी को डायबिटीज, चीनी व नमक पर नियंत्रण रखना चाहिए व योग्य क्वालीफाईड चिकित्सक से परामर्श व चिकित्सा लेना चाहिए। इस बीमारी की चिकित्सा के लिए मरीज को बहुत धर्य रखना चाहिए। जल्दीबाजी में केस बिगड सकता है। इस बीमारी का ऐलोपैथी व आयुर्वेद में कोई ठोस इलाज नहीं है,पर होम्योपैथी में इसका पूर्ण इलाज है,यदि मरीज धर्य रखकर चिकित्सक के अनुसार दवा ले तो पूर्ण ठीक हो सकता है। लेखक ने इस बीमारी के 30-40साल से सफर कर रहे मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। यह छूत की बीमारी नहीं है,पर फिर भी रोगी को अपने वस्त्र आदि साफ पहनने चाहिए। इस बीमारी का इलाज रोगी के लक्षणों के आधार पर किया जाता है, इसमें होम्योपैथिक दवा सोरिनम, आर्सेनिक, ग्रेफाइटिस, आर्स आयोड, सीपिया, कलकेरिया सल्फ, काली आर्स, मेजेरियम, पेट्रोलियम, सल्फर दवाईयां कारगर हैं जो चिकित्सक के परामर्श से ही लेनी चाहिए।

# पुलक जयंती पर तीन दिवसीय सेवा कार्यक्रम आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य मनोज्ञाचार्य आचार्य 108 श्री पुलक सागर जी गुरुदेव की जन्म जयंती के पावन अवसर पर आयोजित पुलक पर्व समारोह पर देश भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत पुलक परिवार, मानसरोवर, जयपुर द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गये ! कार्याध्यक्ष अजय -मोना जैन ने बताया कि जीव दया व सेवा कार्यक्रम के तहत संत टेऊ राम गौशाला मे गायों को हरा चारा, सब्जियाँ, गुड़ इत्यादि खिलाया गया। इसके बाद निशुल्क दंत जाँच चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विजय-शालिनी, राकेश-ममता चाँदवाड़ और राकेश-मैना बड़जात्या ने किया ।

# दोस्ती से सेवा की ओर महावीर प्रवाह पत्रिका जिला स्काउट अधिकारीजी को भेट




**बांसवाड़ा. शाबाश इंडिया**

सब की सेवा सबको प्यार महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा आज जिला स्काउट अधिकारी दीपेश शर्मा को उनके उनके जन्म दिवस पर महावीर प्रवाह पुस्तक भेंट की गई । इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने दीपेश शर्मा को एवं उपस्थित सभी समानीय अतिथियों को महावीर इंटरनेशनल शाखा की ओर से दुपट्टा उडाकर सम्मान किया । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र समाधिया, गणेशलाल पाटीदार, प्रधानाचार्य देवेंद्र पाटीदार, बालिका महाविद्यालय के प्राचार्य सरला पणडया, प्रधानाचार्य माया सैमसंन, कृष्णकांत पाटीदार, आशा मेहता उपस्थित थे । इस अवसर पर दीपेश शर्मा ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल के कार्य बहुत सराहनीय हैं । महावीर इंटरनेशनल और स्काउट दोनों का कार्य है सेवा। इसी के तहत महावीर इंटरनेशनल द्वारा सेवा कार्य के रूप में वर्तमान में वृक्षारोपण , प्यासे पक्षियों के लिए परिंडे वितरण और मानव मात्र की सेवा का । इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के वीर सदस्य दिनेश चरपोटा महावीर इंटरनेशनल कलिजरा वीर सदस्य अश्विन जोशी, स्काउट मास्टर महेश बामनिया प्रेम प्रकाश, दिगपाल सिंह, अनरवरुद्दीन शेख, दक्ष उपाध्याय आदि ने दीपेश के जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की और कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया ।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...



**सम्मान के लिए संघर्ष करें,**
**परन्तु अधर्म का साथ ना दें..**
**अधिकार के लिए जरूर लडें,**
**परन्तु जिस पर अधिकार नहीं..**
**उसका मोह ना करें..!**

क्योंकि संसार में कोई किसी का नहीं है। सब अपने अपने स्वार्थ को लेकर तुमसे प्यार करते हैं। संसार तभी तक मीठा लगता है, जब तक पत्नी गरम गरम भोजन परोसती है, और पति की हाँ में हाँ करती है। पुत्र तब तक अच्छा लगता है जब तक आपकी आज्ञा में होता है। बेटी भी तभी तक अच्छी लगती है जब तक घर परिवार की इज्जत-सम्मान बना के रखती है। जब बेटा बुरी संगति में पड़ जाये और बेटी दूसरे के प्रेम, प्यार में पड़ जाये,, तो यही संसार कड़वा लगने लगता है। इस बात को हमेशा ध्यान में रखना -- जो भी मिला है, वह सदा के लिए नहीं मिला। इसलिए उपलब्धियों पर अक्कड़ करना व्यर्थ है। जिस घर में कलह और ईर्ष्या नहीं होती , क्लेश और संक्लेश नहीं होता,, वहाँ लक्ष्मी का वास होता है। छोटी सी जिंदगी में ईर्ष्या और द्वेष से बचना.. यही दु:खों का कारण है...!

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादक: राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

## श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर की शास्त्री अंतिम वर्ष की परीक्षा में नैंसी जैन ने प्रथम स्थान तथा ऋषिता जैन ने संपूर्ण भारत वर्ष में 7वां स्थान प्राप्त किया




जयपुर. शाबाश इंडिया। श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर द्वारा संचालित संत श्री सुधासागर कन्या आवासीय महाविद्यालय में नवोदित विदूषी बहिन नैंसी जैन ने इसी वर्ष शास्त्री अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करतु हुए शिक्षा शास्त्री विभाग के संपूर्ण संकुल परीक्षा में संपूर्ण भारत वर्ष में उच्चतम अंकों को प्राप्त कर तथा प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान को भारत वर्ष में पहचान दिलाने का उत्कृष्ट कार्य किया है। इसी प्रकार नवोदित विदूषी बहिन ऋषिता जैन ने इसी वर्ष शास्त्री अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए शिक्षा शास्त्री विभाग के संपूर्ण संकुल परीक्षा में संपूर्ण भारत वर्ष में उच्चतम अंकों को प्राप्त कर सत्र 7वां स्थान प्राप्त कर हमारे संस्थान को भारत वर्ष में पहचान दिलाने दिलाई। संपूर्ण संस्थान एवं स्नातक परिषद परिवार आपके उज्वल भविष्य की कामना करता है।

## संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने लहराया जैन धर्म का परचम

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रमण संस्कृति संस्थान के अन्तर्गत संचालित संत सुधासागर बालिका छात्रावास की छात्राओ ने विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्मारक और संस्थान में अव्वल अंक प्राप्त किए।डॉ वंदना जैन निदेशिका संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय ने बताया कि प्रथम स्थान झ संस्कृति अरविंद जी जैन 94%,द्वितीय स्थान विदुषी सोनेश जी जैन 93.4%, तृतीय स्थान गुनगुन सुनील जैन 92.7% आवासीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने अपभ्रंश साहित्य में सिमी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे पं चैनसुख दास पुरस्कार सम्मानित कर गोल्ड मेडल दिया गया।इसी क्रम में द्वितीय स्थान पर कु नैन्सी को सिल्वर मेडल दिया गया और आन्या जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।बी एड के लिए चयन परीक्षा में पूरे भारत में कु नैन्सी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और रिश्ता जैन ने सातवें स्थान प्राप्त किया ।एम ए की चयन परीक्षा में ब्र बहन दृष्टि जैन ने पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान को इन पर गर्व है और उज्वल भविष्य की कामना करते ।

## गौरवांशी जैन छाबड़ा ने लहराया परचम



**उड़ीसा. शाबाश इंडिया।** जयपुर की बेटी कुमारी गौरवांशी जैन छाबड़ा ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं में 99 प्रतिशत अंक लाकर नाम रोशन किया है। लालकोठी जयपुर निवासी महेन्द्र- मंजुलता छाबड़ा की पौत्री एवं गौरव-स्वीटी जैन की सुपुत्री गौरवांशी वर्तमान में ओडिशा के अंगुल शहर में ओ पी जिन्दल स्कूल की छात्रा है।हाल ही में घोषित हुए कक्षा दस के परिणामों में न सिर्फ स्कूल बल्कि जिला स्तर पर भी गौरवांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 5 विषयों में से 4 विषयों में सर्वाधिक अंक लाकर गौरवांशी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गौरवांशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय पूज्य मुनिपुंगव सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद, दादा दादी, माता पिता तथा शिक्षकों को दिया है। गौरवांशी के पिताजी गौरव जैन जिन्दल स्टील एवं पावर, अंगुल में सहायक वित्त प्रमुख के पद पर कार्यरत है तथा माताजी श्रीमती स्वीटी जैन गृहणी हैं।

## श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री केसरिया पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर केसर चौराहे पर बुधवार को धार्मिक संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ। श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में संचालित शिविर का दीप प्रज्वलन एवं पुरस्कार वितरण महावीर - मोना कासलीवाल द्वारा किया गया। अध्यक्ष महावीर कासलीवाल ने बताया कि शिविर में बच्चों से लेकर बड़ों ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया। 15 दिनों तक चलने वाली शिविर में सभी बच्चों को पुरस्कार व अल्पहार दिया जाएगा।

## राहुल विहार जैन मन्दिर में हुआ उपाध्यायश्री विहसंतसागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश



**आगरा. शाबाश इंडिया।** मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसम्य सागर जी महाराज ससंघ ने छीपीटोला स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से बैंड बाजों के साथ मंगल विहार कर छीपीटोला चौराहा, निर्मल सेवा सदन, बालूगंज चौराहा,मेहर सिनेमा,राजपुर चुंगी चौराहा,शमशाबाद रोड़,इन्द्रापुरम कॉलोनी होते हुए श्री चिन्तामणि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर राहुल विहार पर पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में राहुल विहार सकल जैन समाज ने उपाध्याय संघ का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य स्वागत किया। मंगल अगवानी के बाद उपाध्याय संघ ने मन्दिर में विराजमान प्राचीन अतिशयकारी भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा के साथ ही सभी प्रतिमाओं के दर्शन किए।इस दौरान राहुल विहार सकल जैन समाज ने उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज के समक्ष श्रीफल एवं शास्त्र दान भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहां कि शिखर स्मृति का प्रतीक होता है। चैत्यालय और मंदिर में यही फर्क होता है। जिसमें शिखर होता है, वह मंदिर और जिसमें शिखर नहीं है वह चैत्यालय कहलाता है। भगवान के दर्शन का जो पुण्य मिलता है, वह दूर से शिखर को प्रणाम करने से मिल जाता है।किसी मंदिर की पहचान शिखर से है।जितना ऊंचा शिखर होगो उतना वैभव और ऊंचा समृद्धि शाली समाज होता है।मंदिर में दी हुई आहुति एवं मंत्र साधना से जो वर्णगणांए उत्पन्न होती हैं वह शिखर के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में फैल जाती हैं जिससे वहां रहने वाले जैन हों या अजैन, उनके लिए शांति दायक होती है। जहां शिखर होता है तो उसके 18 किलोमीटर क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आधि, व्याधि, भूत,प्रेत,बीमारी उत्पन्न नहीं होती मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसम्य सागर जी महाराज ससंघ का 17 मई को श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर बगदा बरौली अहीर शमशाबाद रोड़ में भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर सचिन जैन, दिलीप जैन,ताराचंद जैन,डां पवन जैन,रोहित जैन,विशाल जैन,राहुल जैन,रामबाबू जैन,योगेश जैन,सचिन जैन,समस्त राहुल विहार जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। -रिपोर्ट शुभम जैन



# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर द्वारा दिनांक 15 मई 2024 को धार्मिक शिक्षण शिविर शुरू





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अंतर्गत संचालित संत श्री सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर द्वारा दिनांक 15 मई 2024 को धार्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया ।शिविर का शुभारंभ भव्य रैली के साथ किया गया जिसमे महिलाओं ने अपने हाथ में कलश लिए हुए थे एवम छोटे छोटे बच्चे रैली में नारे लगाते हुए चल रहे थे।शिविर के शुभारंभ में दीप प्रज्वलन महावीर प्रसाद मुन्ना देवी , सिद्ध कुमार एवम नेहा सेठी के द्वारा किया गया।पार्श्वनाथ महिला संभाग की अध्यक्ष श्रीमती नीता जैन ने बताया की आचार्य श्री का चित्र अनावरण श्रीमती रेणु , हेमंत एवम ज्योति के द्वारा किया गया एवम श्री सुधा सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण ज्ञान जी कलेक्ट्री वालो ने किया।मंत्री भंवरी देवी एवं कोषाध्यक्ष मीना सेठी ने बताया की कलश एवम जिनवाणी की स्थापना श्रीमती प्रज्ञा जैन, रीना जैन एवम बरखा जैन के द्वारा की गई। कार्यक्रम में इशिका जैन एवम पीहू जैन के द्वारा मंगलाचरण किया गया तथा विदुषी जीवांशी जैन एवम विदुषी मानसी दीदी के नेतृत्व में शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में समाज के श्रेष्ठिगण, पदाधिकारी, कार्यकारिणी के अध्यक्ष पवन जैन एवम मंत्री अनिल बाकलीवाल व नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सिद्ध कुमार सेठी एवम मंत्री मनीष जैन उपस्थित थे।

# श्री मुनि सुव्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर महल योजना जगतपुरा में धार्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति श्रमण संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में श्री मुनि सुव्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर महल योजना जगतपुरा में दिनांक 15 मई 2024 बुधवार को धार्मिक शिक्षण शिविर का उद्घाटन सायं काल 7 बजे किया गया। समन्वयक अभिषेक सांघी ने बताया कि ऋषभ जैन एवं आदीश जैन द्वारा झंडारोहण एवं अनिल सीता जैन द्वारा चित्र अनावरण, मंगल कलश स्थापना डॉ राकेश अनीता जैन एवं दीप प्रज्वलन अनूप सुलोचना, पवन इंदु गोधा सपरिवार द्वारा किया गया। पाठशाला संयोजक पिंकल एवं धीरेंद्र जैन ने बताया कि समाज के सभी आयु वर्ग के श्रावक श्राविकाओ ने उत्साह पूर्वक अध्ययन कर धर्म लाभ उठाया।

# धार्मिक संस्कार शिक्षण हेतू पुस्तक का लोकार्पण किया

## समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के गोधा की स्मृति में समाचार जगत परिवार के सौजन्य से किया गया हैं प्रकाशन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के द्वारा जयपुर तथा आसपास के करीब 50 स्थानों पर धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 15 मई से 24 मई तक किया जा रहा है ।इस शिविर के लिए पुस्तकों का प्रकाशन समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के गोधा की स्मृति में समाचार जगत परिवार के सौजन्य से किया गया हैं ।पुस्तकों का लोकार्पण एक संक्षिप्त समारोह में समाचार जगत के प्रबंध संपादक शैलेन्द्र गोधा के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार पांड्या , अंचल अध्यक्ष अनिल कुमार जैन , डॉक्टर राजेंद्र कुमार जैन, निर्मल सँघी व रमेश चंद्र जैन उपस्थित थे ।

# प्रशममूर्ति आचार्य श्री 108 शान्ति सागर जी महाराज 'छाणी'



**शाबाश इंडिया**

परम पूज्य आचार्य श्री 108 शान्ति सागर जी महाराज 'छाणी' का जन्म सन 1888 में कार्तिक बदी ग्यारस को राजस्थान प्रान्त के उदयपुर नगर के समीप स्थित छाणी ग्राम में हुआ थो आपने सन 1922 में क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की तथा एक वर्ष पश्चात ही सन 1923 में भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी तदनुसार 23 सितम्बर 1923 को राजस्थान के सागवाड़ा नगर में मुनि दीक्षा अंगीकार कर आत्म-कल्याण के मार्ग पर आरुढ़ हुए। मुनि रूप में आपने दिगम्बर मुनि की चर्या, उनके मूलगुणों की साधना तथा उनके तपश्चर्या के विविध आयामों से जैन समाज को परिचित करवाया।




# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सी स्कीम में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 15 मई से 30 मई तक के लिए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी ई तीन गोखले मार्ग सी स्कीम में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत श्री जी के चित्र अनावरण प्रमुख समाजसेवी एवं मुनि भक्त दिनेश पापड़ीवाला द्वारा किया गया। दीप प्रज्ज्वलित प्रमुख समाजसेवीका श्रीमती इंदिरा बक्शी, श्रीमती नीलम ठोलिया श्रीमती कोटा वाला परिवार श्रीमती नीरू तोतूका एवं श्रीमती विनीता पापड़ी वाला के द्वारा कर शुभारंभ किया गया। धर्म सभा को प्रख्यात पंडित विनीत शास्त्री के द्वारा प्रवचन कर सभा को धर्म लाभ दिया मंच संचालन सचिव संजय छाबड़ा द्वारा किया गया।

# मुनि श्री 108 प्रणम्य प्रणम्य जी सागर जी महाराज ससंघ को जयपुर चातुर्मास के लिए श्री फल भेट किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्यअर्हम योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य प्रणम्य जी सागर जी महाराज ससंघ को जयपुमुनि श्री 108 प्रणम्य प्रणम्य जी सागर जी महाराज ससंघ को जयपुर चातुर्मास केर चातुर्मास के लिए सकल दिगंबर जैन समाज जयपुर की तरफ सेआज खजुराहो में निवेदन किया। इस अवसर पर समिति के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति मीरामार्ग मानसरोवर के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया ,मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी, सांस्कृतिक मंत्री जंबू सोगानी, संगठन मंत्री अशोक सेठी व मीरामार्ग जैन समाज के श्रावक राकेश बाकलीवाल , लक्ष्मी विजय गंगवाल,एवं महिला मंडल की सदस्यों ने पूज्य गुरुवर से निवेदन किया कि आपका चातुर्मास गुलाबी नगरी में हो हम सभी इसी भावना के साथ यहां पधारे हैं। इससे पूर्व कुंडलपुर में विराजमान आचार्य 108 समय सागर जी महाराज के पास सभी ने निवेदन किया कि परम पूज्य मुनि संघ को जयपुर चातुर्मास के लिए स्वीकृति प्रदान करें इस पर आचार्य श्री ने मुस्कुराकर आशीर्वाद दिया और कहा की विचार व चर्चा करके आपको आगे बताते हैं। समिति के मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी ने बताया कि प्राचार्य शीतल चंद जी ने महाराज से निवेदन किया कि आपके चातुर्मास से जयपुर जैन समाज को बहुत धर्म लाभ मिलेगा। समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़ियां ने महाराज से भी निवेदन किया और आश्वासन दिया कि आपका यह चातुर्मास जयपुर शहर के धर्मावलंबियों के लिए लिए ऐतिहासिक होगा ' अंत में राजेंद्र सेठी ने महाराज को बताया कि संपूर्ण जैन समाज जयपुर आपकी भव्य अगवानी के लिए बेकरार है।

# नेमीसागर कॉलोनी में धार्मिक शिक्षण शिविर का उदघाटन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अंतर्गत संचालित संत श्री सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में नेमीसागर कालोनी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में धार्मिक शिक्षण शिविर लगाया गया है। अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि शिविर दिनांक 15 मई 2024 को धार्मिक शिक्षण शिविर का उदघाटन अनिल जैन एवं बबिता जैन धुआं वालो द्वारा किया गया । शिविर का शुभारंभ भव्य रैली के साथ किया गया जिसमे सभी लोगों ने अपने हाथ में झण्डे लिए हुए थे एवम छोटे छोटे बच्चे रैली में नारे लगाते हुए चल रहे थे। शिविर के शुभारंभ में दीप प्रज्वलन श्रीमती सुनीता पहाड़िया द्वारा किया गया। अचार्य विद्यासागर कलश स्थापना सुनीता पहाड़िया, वर्द्धमान सागर कलश स्थापना अर्चना निगोतिया द्वारा, समयसागर कलश स्थापना मधु जैन द्वारा, सुधासागर कलश स्थापना जे के जैन कालाडेरा द्वारा एवं सुपार्श्वमति कलश स्थापना सन्तोष बाकलीवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डी सी जैन द्वारा की गई।विदुषी अंशिका जैन, विदुषी देवांशी जैन एवम विदुषी अंतिमा दीदी के नेतृत्व में इस शिविर का शुभारंभ किया गया । इस शिविर में समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शिविर के संयोजक मंजू सेठी, अर्चना निगोतिया, पूजा जैन एवं दीपिका गंगवाल ने आगंतुकों का स्वागत किया एवं मंत्री प्रदीप निगोतिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पंद्रह दिन तक चलने वाले इस शिविर में द्रव्य संग्रह ग्रंथ का अध्ययन किया जावेगा।

# गायत्री नगर महारानी फार्म जयपुर इकाई के द्वारा श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का शुभारम्भ किया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर के तत्वावधान में श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति, राजस्थान अंचल के अंतर्गत महासमिति की गायत्री नगर महारानी फार्म जयपुर इकाई के द्वारा श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का आज 15 मई को शुभारम्भ किया गया। शिविर 30 मई 2024 तक चलेगा। यह शिविर श्री दिगम्बर जैन मंदिर गायत्री नगर,महारानी फार्म के परिसर में लगाया जा रहा है। शिविर के शुभारम्भ के अवसर पर एक जुलुस बैंड बाजे के साथ निकाला गया।जिसमे भारी संख्या में बच्चे,महिलाये,पुरुषो ने भाग लिया। शिविर के उदघाटन में मंगला चरण मंन्जु जैन सेवावाले द्वारा किया गया। सुनील सोगानी-लता सोगानी परिवार द्वारा दीप प्रज्वलंन किया गया। तथा ज्ञान कलश की स्थापना जीतेन्द्र, हिमांशु, रेखा, शिल्पा बड़जात्या परिवार,मुम्बई ने किया। विद्या कलश की स्थापना प्रकाश-,पदमा बड़जात्या परिवार ने किया। सुधा कलश की स्थापना सारस मल, कमला देवी, पदम्, भावना झाँझरी परिवार द्वारा किया गया। पुण्यार्जको एवम अतिथियों का सम्मान अनीता बड़जात्या,मंन्जु जैन सेवावाले, प्रमिला जैन,विमला जैन,किरण बिल्टी वाला,महिमा अजमेरा , सुनीता काला द्वारा किया गया।